रिटेल नियोक्ताओं/कामगारों के लिए महत्वपूर्ण सूचना:
NYC'S FAIR WORKWEEK LAW

उपभोक्ता मामलों का विभाग श्रम नीति एवं मानक कार्यालय (Department of Consumer Affairs Office of Labor Policy & Standards (OLPS)) NYC's Fair Workweek Law (NYC के उचित कार्य सप्ताह कानून) को लागू करता है जो 26 नवंबर, 2017 को प्रभावी हुआ। DCA ने नियोक्ताओं तथा कर्मचारियों के लिए यह संक्षिप्त विवरण तैयार किया। अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों सहित अधिक जानकारी के लिए, इस पर जाएं: **nyc.gov/dca**

टिप्पणी:

- नियोक्ता कर्मचारियों को इस प्रकार दंडित नहीं कर सकते, जुर्माना नहीं लगा सकते, प्रतिशोध नहीं ले सकते या उनके विरुद्ध कोई ऐसी कार्रवाई नहीं कर सकते जो कर्मचारियों को इस कानून के तहत उनके अधिकारों का प्रयोग करने से रोके या विचलित करे। कामगारों को ऐसे प्रतिशोध के संबंध में OLPS से तुरंत सम्पर्क करना चाहिए। दूसरी तरफ देखें।
- इस कानून में प्रवास की स्थिति पर ध्यान दिए बिना सभी कामगार शामिल हैं।

कानून के बारे में

Fair Workweek Law के तहत NYC में रिटेल नियोक्ताओं को कामगारों को पूर्वानुमान लगाने योग्य कार्य समय-सारणी अवश्य देनी चाहिए।

शामिल नियोक्ता

नियोक्ता- उप-ठेकेदारों और अस्थायी सहायक फर्मों सहित – जिनके कामगार NYC में रिटेल व्यवसाय में कार्य करते हैं। *शामिल/शामिल नहीं कर्मचारी खंड देखें।*

कोई रिटेल व्यवसाय कोई ऐसा स्टोर होता है जो प्रमुख रूप से उपभोक्ता वस्तुएं बेचता है और जो NYC में 20 या अधिक कामगार नियुक्त करता है।

शामिल/शामिल नहीं कर्मचारी

शामिल

ऐसे सभी कर्मचारी जो NYC में किसी रिटेल व्यवसाय स्टोर में कार्य करते हैं। *कवर्ड कर्मचारी खंड देखें।*

शामिल नहीं

निश्चित सामूहिक समझौता अनुबंधों के तहत आने वाले कर्मचारी।

कर्मचारियों के अधिकारों का संक्षिप्त विवरण

- 72 — कार्य समय-सारणी का 72 घंटे (3 दिन) का अग्रिम नोटिस
- कोई ऑन-कॉल शिफ्ट नहीं
  शिफ्ट शुरू होने के 72 घंटे के अंदर कोई कॉल-इन शिफ्ट नहीं
- कामगार की सहमति के बिना 72 घंटे से कम समय के नोटिस पर कोई शिफ्ट नहीं जोड़ी जाएगी
- 72 घंटे से कम समय के नोटिस पर कोई शिफ्ट रद्द नहीं की जाएगी

अधिकारों का नोटिस

नियोक्ताओं को प्रत्येक NYC कार्यस्थल पर ऐसे स्थान पर यह नोटिस अवश्य लगाना चाहिए "YOU HAVE A RIGHT TO A PREDICTABLE WORK SCHEDULE" ("आपको एक पूर्वानुमान लगाने योग्य कार्य समय-सारणी प्राप्त करने का अधिकार है") जहाँ कर्मचारी इसे आसानी से देख सकें।

नियोक्ताओं को यह नोटिस DCA की वेबसाइट **nyc.gov/dca** पर उपलब्ध होने पर कार्यस्थल पर अंग्रेजी और किसी ऐसी अन्य भाषा में लगाना चाहिए जो उस कार्यस्थल पर कम से कम 5 प्रतिशत कामगारों की मुख्य भाषा हो।

रिकॉर्ड कीपिंग

नियोक्ताओं को निम्नलिखित का रिकॉर्ड अवश्य रखना होगा:

- **प्रति सप्ताह** कामगार के कार्य के घंटे
- प्रत्येक कामगार द्वारा जितनी **शिफ्टों में कार्य** किया गया है और उनकी तारीख, समय तथा स्थान
- समय-सारणी में परिवर्तन की आवश्यकता होने पर कामगारों की **लिखित सहमति** ली जाएगी
- कामगारों को दी जाने वाली **प्रत्येक लिखित समय-सारणी**

> से अधिक

नियोक्ताओं को तीन (3) वर्षों का इलेक्ट्रॉनिक अनुपालन रिकॉर्ड अवश्य रखना चाहिए। यदि कोई नियोक्ता रिकॉर्ड नहीं रखता है या प्रस्तुत नहीं कर पाता है, तो जब कर्मचारी अपनी शिकायत न्यायालय में लाते हैं तो उन्हें उनके पक्ष में “rebuttable presumption” (“खंडन करने योग्य अनुमान”) का लाभ मिलता है। इसका अर्थ है कि यह नियोक्ताओं की जिम्मेदारी होगी कि वे यह प्रमाणित करें कि उन्होंने कानून का उल्लंघन नहीं किया।

शिकायतें

OLPS में शिकायत दर्ज करवाएं। nyc.gov/dca पर जाएं या **311 पर सम्पर्क करें** (NYC से बाहर 212-NEW-YORK) और “Fair Workweek Law” की जानकारी लें। OLPS एक जाँच करेगा और शिकायत का समाधान करने का प्रयास करेगा। **OLPS शिकायतकर्ता की पहचान को तब तक गोपनीय रखेगा जब तक जाँच पूरी करने के लिए या कानून के तहत इसे प्रकट करना आवश्यक न हो।**

न्यायालय में मामला दर्ज करवाएं। फिर भी, कर्मचारी एक ही समय में OLPS में शिकायत और न्यायालय में दावा एक साथ नहीं कर सकते।

OLPS से सम्पर्क करें

nyc.gov/dca पर जाएं, **FWW@dca.nyc.gov** पर ई-मेल करें या **311 पर सम्पर्क करें** और “Fair Workweek Law” के बारे में जानकारी प्राप्त करें।

NYC | **Consumer Affairs**

Bill de Blasio
Mayor

Lorelei Salas
Commissioner

NYC उपभोक्ता मामलों का विभाग (DCA) संपन्न समुदाय बनाने के लिए न्यूयॉर्क वासियों की रोज़मर्रा की आर्थिक जिन्दगियों का संरक्षण करता है और उसे बेहतर बनाता है।